

# रिपोर्ट टाइम्स मीडिया

शेखावाटी का सबसे विश्वसनीय डिजिटल ई पेपर

**सुविचार -**

सही समय पर उठाया गया सही कदम आपकी उन्नति में अहम साबित होता है। इसके लिए अपनी सोच को भी अधिक सकारात्मक रखने की आवश्यकता है।

| बुधवार, 10 सितंबर 2025<br>अश्विन कृष्ण पक्ष तृतीया | वर्ष - 07 | अंक 30 | UAN NO. RJ21D0011677 | reporttimes.in@gmail.com | www.reporttimes.in |
|---|---|---|---|---|---|

# सुलगता नेपाल, ओली का इस्तीफा, सेना ने संभाली कमान





काठमांडू। सड़कों पर मंगलवार को भी युवाओं का हुजूम उमड़ा और देश की संसद, राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री निवास, सर्वोच्च न्यायालय सहित महत्वपूर्ण सरकारी भवनों को आग के हवाले कर दिया।

## भारत ने जारी की एडवाइजरी

एजेंसी. काठमांडू। नेपाल में स्थिति इस हद तक बिगड़ चुकी है कि भारत-नेपाल सीमा पर भी अलर्ट जारी करना पड़ा है। इंडो-नेपाल बॉर्डर पर एसएसबी ने गश्त और सुरक्षा बढ़ा दी है ताकि हिंसा का असर भारतीय क्षेत्र में न फैले. वहां के हालात पर भारत ने चिंता जताई है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने एडवाइजरी जारी कर कहा कि भारतीय नागरिक फिलहाल नेपाल यात्रा स्थगित करें। जो पहले से वहां मौजूद हैं, वे घर से बाहर न निकलें और स्थानीय प्रशासन तथा भारतीय दूतावास, काठमांडू की सुरक्षा सलाहों का पालन करें। आपात स्थिति में दूतावास के हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं।

+977 – 980 860 2881 (व्हाट्सएप कॉल उपलब्ध), +977 – 981 032 6134 (व्हाट्सएप कॉल उपलब्ध)। भारत ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई है और उम्मीद जताई है कि नेपाल जल्द शांति और स्थिरता की राह पर लौटेगा।

## राष्ट्रपति से आज होगी वार्ता

### सेना और राष्ट्रपति की बैठक में निकलेगा आगे का रास्ता

एजेंसी. काठमांडू। नेपाल का राजनीतिक संकट लगातार गहराता जा रहा है। काठमांडू और देश के अन्य हिस्सों में हिंसक विरोध-प्रदर्शन जारी हैं। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। नेपाल सेना ने ऐलान किया कि मंगलवार रात 10 बजे से सुरक्षा अभियानों की कमान वह संभालेगी। इसके बाद सेना ने कमान अपने हाथ में ले ली है। राष्ट्रपति ने अपील की है कि सभी पक्ष संयम दिखाएं और देश को शांति की ओर ले जाएं। उन्होंने खासतौर पर जेन-जी प्रदर्शनकारियों से कहा कि लोकतंत्र और जनता की भलाई के लिए सहयोग जरूरी है। बुधवार को सेना और राष्ट्रपति की बैठक में आगे का रास्ता निकल सकता है। जेन Z ने भी बुधवार सुबह एक बैठक बुलाई है। हालात और बिगड़े जब महोत्तरी के जलेश्वर जेल से 570 से ज्यादा कैदी भाग निकले। खबरों के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों ने जेल की दीवार तोड़ी और भीतर मौजूद कैदियों ने रसोई के औजारों से मदद की। पुलिस और भीड़ के बीच झड़प के दौरान अराजकता फैल गई।

रुपन्देही जिले में उपद्रवियों ने कई सरकारी दफ्तरों और अदालतों में आग लगा दी। बुटवल हाई कोर्ट, भैरहवा जिला अदालत और सिराहा कोर्ट में महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर राख हो गए। वहीं भैरहवा के गौतम बुद्ध इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर खड़े वाहनों को भी आग के हवाले कर दिया गया। पांच कारें और दो मोटरसाइकिलें राख में तब्दील हो गईं। काठमांडू में मंगलवार को हुए संघर्ष में घायल तीन प्रदर्शनकारियों की अस्पताल में मौत हो गई। इस तरह जेन-जी आंदोलन में अब तक मरने वालों की संख्या 24 पहुंच गई है, जिनमें से 22 राजधानी काठमांडू में और 2 ईटहरी में मारे गए।

**पूर्व प्रधानमंत्री खनाल की पत्नी की जलने से मौत :** प्रदर्शनकारियों की एक भीड़ देश के पूर्व प्रधानमंत्री झालानाथ खनाल के घर पर हमला बोला और आग लगा दी। इस घटना में खनाल की पत्नी राज्यलक्ष्मी चित्रकार की मौत हो गई। यह घटना दल्लू स्थित उनके आवास पर हुई, जहां प्रदर्शनकारियों ने उन्हें घर के अंदर घेरकर आग लगा दी थी। परिवारिक सूत्रों के अनुसार, उन्हें गंभीर हालत में कीर्तिपुर बर्न अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इस घटना से हताहतों की संख्या में इजाफा हुआ है। जेन-जी प्रदर्शन, जो सोमवार से शुरू हुआ था, अब और हिंसक हो गया है। अधिकारियों की तरफ से अभी तक इस हमले के बारे में कोई बयान जारी नहीं किया गया है।



# देश को मिला नया उपराष्ट्रपति

## देश के 17वें उपराष्ट्रपति चुने गए सीपी राधाकृष्णन

## PM मोदी समेत कई BJP नेताओं ने दी बधाई

रिपोर्ट टाइम्स, नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति चुनाव के परिणाम आ चुके हैं। एनडीए के प्रत्याशी सीपी राधाकृष्णन देश के 17वें उपराष्ट्रपति चुने गए हैं। सीपी राधाकृष्णन को कुल 452 वोट मिले हैं। वहीं, विपक्ष के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी को महज 300 सांसदों ने ही वोट दिया है। उपराष्ट्रपति चुने जाने पर सीपी राधाकृष्णन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, '2025 के उपाध्यक्ष चुनाव जीतने के लिए थिरू सीपी राधाकृष्णन जी को बधाई। उनका जीवन हमेशा समाज की सेवा करने और गरीबों को सशक्त बनाने के लिए समर्पित रहा है। मुझे विश्वास है कि वह एक उत्कृष्ट वीपी होगा, जो हमारे संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करेगा और संसदीय प्रवचन को बढ़ाएगा।'

इधर उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में विपक्ष के उम्मीदवार रहे बी. सुदर्शन रेड्डी ने अपनी हार के बाद कहा कि वह इस परिणाम को विनम्रतापूर्वक स्वीकार करते हैं, लेकिन उनका वैचारिक संघर्ष आगे और भी जोरदार ढंग से जारी रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि उपराष्ट्रपति चुनाव में जीत दर्ज करने वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन को शुभकामनाएं दीं और समर्थन के लिए विपक्ष का आभार व्यक्त किया।

रेड्डी ने एक बयान में कहा, ''आज, सांसदों ने भारत के उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में अपना फैसला सुना दिया है। मैं अपने महान गणतंत्र की लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में अटूट विश्वास के साथ इस परिणाम को विनम्रतापूर्वक स्वीकार करता हूं।''



# राजस्थान में धर्मांतरण विरोधी बिल पारित

## 7 से 20 साल तक की हो सकती है सजा

रिपोर्ट टाइम्स. जयपुर। भजनलाल सरकार ने मंगलवार को विधानसभा में 'विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक, 2025' हंगामे के बीच पारित करवा दिया। बिल लागू होने के बाद बिना कलेक्टर की अनुमति के किसी का भी धर्म परिवर्तन या शादी के जरिए किया गया धर्म परिवर्तन अपराध माना जाएगा। इसके लिए 7 से 20 साल तक की कैद की सजा हो सकती है। बिल में यह प्रावधान भी है कि गलत तरीके से धर्म परिवर्तन कराने वाले संस्थानों की इमारतों को सील करने और तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी।

दोबारा पेश हुआ बिल: 'प्रोहिबिशन ऑफ अनलॉफुल कन्वर्जन ऑफ रिलिजन बिल 2025' को दोबारा विधानसभा में पेश किया गया। इसे बहस के बाद पास कर दिया गया। गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने बिल पेश करते हुए कहा कि संविधान में हर नागरिक को अपने धर्म को मानने और पूजा पद्धति अपनाने का अधिकार है। लेकिन साथ ही यह भी है कि आपके आचरण और व्यवहार से किसी अन्य धर्म के धर्मावलंबी को ठेस न पहुंचे।

उन्होंने कहा कि आजकल अनेक धार्मिक संस्थाओं द्वारा कपट, लोभ-लालच देकर धर्मांतरण करवाने के प्रयास किए जाते हैं। अनेक संस्थाएं और व्यक्ति ऐसा करता है कि दूसरे समुदाय को ठेस पहुंचती है, जिससे कानून-व्यवस्था की दिक्कत आती है। इसलिए धर्म परिवर्तन को परिभाषित किया गया है। इसमें गलत सूचना देना, बलपूर्वक कार्य करना, धोखाधड़ी करना, अन्य तरीके से प्रभाव डालना, जबरदस्ती प्रचार करना, दबाव बनाना और प्रलोभन देना शामिल है। विवाह के जरिए किया गया धर्म परिवर्तन भी कपट की परिभाषा में आएगा।

विपक्ष का विरोध जारी: विधानसभा में इस विधेयक पर विपक्ष ने चर्चा नहीं की और लगातार हंगामा करते रहे। इस बीच गृह राज्यमंत्री ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष सदन में इस बिल का विरोध कर रहे हैं, जबकि दो दिन पहले उनके अपने गृह जिले में ही धर्मांतरण का मामला सामने आया था। उन्होंने आरोप लगाया कि नेता प्रतिपक्ष को खुद अहसास है कि यह बिल कितना महत्वपूर्ण है, लेकिन दिल्ली से उन्हें (राहुल गांधी का) संदेश मिला है कि इस बिल का विरोध करना है। इसलिए वे ऐसा कर रहे हैं. सिर्फ राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए ही इस बिल का विरोध किया जा रहा है।

### यात्रियों की सुविधा हेतु 05 रेलसेवाओं का विभिन्न स्टेशनों पर ठहराव

रिपोर्ट टाइम्स | जयपुर

रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु 05 रेलसेवाओं का विभिन्न स्टेशनों पर आगामी आदेशो तक ठहराव दिया जा रहा है।

1.गाडी संख्या 12975, मैसूरू - जयपुर रेलसेवा जो दिनांक 13.09.25 को मैसूरू से प्रस्थान करेगी वह जडचर्ला स्टेशन पर 23.39 बजे आगमन व 23.40 बजे प्रस्थान करेगी।

2.गाडी संख्या 12976, जयपुर- मैसूरू रेलसेवा जो दिनांक 10.09.25 को जयपुर से प्रस्थान करेगी वह जडचर्ला स्टेशन पर 01.29 बजे आगमन व 01.30 बजे प्रस्थान करेगी।

3.गाडी संख्या 17019, हिसार-हैदराबाद रेलसेवा जो दिनांक 16.09.25 को हिसार से प्रस्थान करेगी वह मलकाजगिरी स्टेशन पर 06.04 बजे आगमन व 06.05 बजे प्रस्थान करेगी।

4.गाडी संख्या 17020, हैदराबाद-हिसार रेलसेवा जो दिनांक 13.09.25 को हैदराबाद से प्रस्थान करेगी वह मलकाजगिरी स्टेशन पर 15.52 बजे आगमन व 15.53 बजे प्रस्थान करेगी।

5.गाडी संख्या 19713, जयपुर-कर्नूलू सिटी रेलसेवा जो दिनांक 13.09.25 को जयपुर से प्रस्थान करेगी वह मुदखेड स्टेशन पर 01.18 बजे आगमन व 01.20 बजे प्रस्थान करेगी।



# जयपुर के चौंप में क्रिकेट स्टेडियम का काम फिर शुरू

## एडहॉक कमेटी का दावा - अगले साल हो सकेंगे मैच

एजेंसी. जयपुर। शहर के पास चौंप में बन रहे दुनिया के तीसरे सबसे बड़े स्टेडियम का निर्माण कार्य एक बार फिर शुरू हो गया है। दावा किया जा रहा है कि स्टेडियम के पहले फेज का निर्माण कार्य जल्द पूरा कर लिया जाएगा और राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन अगले साल अप्रैल में यहां राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट करवाने का दावा कर रहा है। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) की एडहॉक कमेटी के कन्वीनर डीडी कुमावत का कहना है कि स्टेडियम का निर्माण कार्य एक बार फिर से शुरू हो चुका है और सरकार पूरी तरीके से सहयोग कर रही है। अगले साल इसमें क्रिकेट मैच खेले जा सकेंगे। कुमावत ने बताया कि हमने करीब 2 साल बाद पहली बार बिना विवाद के कमेटी के फैसलों पर आम सहमति बनी। उन्होंने कहा कि जल्द ही हमारा खुद का स्टेडियम होगा और हमारा लक्ष्य है कि अगले साल अप्रैल में राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट नए स्टेडियम में शुरू किए जाएं। इसके साथ ही आगामी रणजी सीजन के मुकाबले भी चौंप में तैयार हो रहे स्टेडियम में खेले जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि इससे पहले आरसीए में जो एडहॉक कमेटी कार्य कर रही थी, उन्होंने चौंप क्रिकेट स्टेडियम के कंस्ट्रक्शन पर सवाल उठाया था। लेकिन मौजूदा एडहॉक कमेटी ने उस कंस्ट्रक्शन को हरी झंडी दे दी थी। जहां निर्माण रुका था, वहां से आगे स्टेडियम का काम शुरू हो गया है।



# कमजोर पड़ा मानसून: प्रदेश से अब मानसून की होगी विदाई

रिपोर्ट टाइम्स. जयपुर। पश्चिमी राजस्थान को छोड़कर बाकी प्रदेश में मंगलवार को मौसम शुष्क बना रहा। पूर्वी हिस्से के कुछ भागों में कहीं-कहीं हल्की बारिश देखने को मिल रही है। मौसम विभाग जयपुर केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि बंगाल की खाड़ी से एक्टिव नया मानसून सिस्टम भारी बारिश के बाद अब कमजोर पड़ रहा है। अगले कुछ दिन नया सिस्टम एक्टिव नहीं होने से बारिश से राहत रहेगी। अब यह सिस्टम पश्चिम की तरफ आगे बढ़ गया है, जिसके असर से सोमवार को माउंट आबू, सिरोही, जालौर, बाड़मेर जिलों में भारी बारिश हुई, माउंट आबू (सिरोही) में सबसे अधिक 65.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इसके उलट राज्य के पूर्वी हिस्से में मानसून कमजोर पड़ गया।

रिकॉर्ड बारिश के बाद लौटेगा मानसून : मौसम विभाग की जयपुर केंद्र के आंकड़ों के साथ इस साल 693.1 मिली मीटर बारिश प्रदेश में दर्ज की गई है। 108 साल में यह दूसरा मौका है, जब सबसे ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। सीजन में औसत बारिश 392.45 मिमी के मुकाबले 666.46 मिमी पानी बरस चुका है। यह 69.82 प्रतिशत अधिक है। बीते साल अब तक 624.28 मिमी बारिश हुई थी। जून में 125.3 मिमी, जुलाई में 290 मिमी और अगस्त में 184 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं, 1 से 8 सितंबर के बीच 94 मिमी बरसात हो चुकी है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि 20 सितंबर के बाद प्रदेश में मानसून की विदाई हो जाएगी और बरसात का दौर रुक जाएगा।



# किसानों ने की अतिवृष्टि से फसलों नुकसान के मुआवजे की मांग

## मुआवजे की मांग को लेकर किसानों की आम सभा

आकाश वर्मा, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। अतिवृष्टि से फसलों को हुए नुकसान के मुआवजे की मांग को लेकर किठाना-सुल्ताना बाईपास रोड तिराहे पर किसानों ने एक आम सभा का आयोजन किया। इस सभा में बड़ी संख्या में किठाना और आसपास के क्षेत्रों के किसान मौजूद रहे। किसानों ने सरकार से जल्द से जल्द फसलों की गिरदावरी करवाकर उचित मुआवजा देने की मांग की। सभा में मौजूद किसानों का कहना था कि हाल ही में हुई भारी बारिश से उनकी फसलें जैसे मूंग, मोठ और चवला पूरी तरह से बर्बाद हो गई हैं। इसके अलावा, ग्वार और बाजरे की फसलें भी खराब हो गई हैं, जिससे किसान काफी परेशान हैं। किसानों के चेहरे पर उदासी साफ देखी जा सकती है। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांग को जल्द नहीं सुना तो वे एक बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस आम सभा में बिजेंद्र धनखड़, सुरेश धनखड़, देशराज बलौदा, रोहतास लांबा, बलबीर नेहरा, रिछपाल नेहरा, धर्मपाल बामिल, रोहतास मीणा, उमराव मीणा, सरदारमल सैनी सहित कई किसान नेता और ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में सरकार से तुरंत कार्रवाई करने की अपील की।



# नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में हुई फसल खराबे पर बैठक

## किसानों को मुआवजे के लिए गिरदावरी की ली जानकारी

रोहित कुमार, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। हाल ही में हुई भारी बारिश से फसलों को हुए नुकसान के आकलन के लिए चिड़ावा पंचायत समिति परिसर में नायब तहसीलदार बलवीर कुल्हरी की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में ब्लॉक के विभिन्न क्षेत्रों से आए गिरदावरों और पटवारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में नायब तहसीलदार ने सभी संबंधित कार्मिकों को जल्द से जल्द प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर सर्वे रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। यह सुनिश्चित किया गया कि प्रभावित किसानों की फसल खराबी का सही आकलन हो सके, ताकि उन्हें उचित मुआवजा मिल सके। बैठक में कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### भाजपा ने 'शहर चलो अभियान' के लिए नियुक्त किए संयोजक, सुरेश जलिंद्रा बने चिड़ावा संयोजक, रजनीकांत सह संयोजक

रिपोर्ट टाइम्स | चिड़ावा

**जिम्मेदारी :** चिड़ावा। राजस्थान सरकार द्वारा 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे 'शहर चलो अभियान' को सफल बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने चिड़ावा में मंडल संयोजक और सह-संयोजकों की नियुक्ति की है। भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुल्हरी ने यह नियुक्तियां कीं। अभियान के तहत पूर्व पार्षद सुरेश जलिंद्रा को चिड़ावा शहर मंडल संयोजक और रजनीकांत को सह-संयोजक बनाया गया है। चिड़ावा ग्रामीण मंडल के लिए निरंजन स्वामी को संयोजक और सत्यवीर को सह-संयोजक नियुक्त किया गया है। देवरोड ग्रामीण मंडल की जिम्मेदारी रविदत्त शर्मा को संयोजक और चरणसिंह को सह-संयोजक के रूप में दी गई है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सफाई व्यवस्था में सुधार, नई स्ट्रीट लाइटें लगाना, आवारा पशुओं का नियमन करना, लंबित मामलों का निस्तारण करना और सड़कों की मरम्मत करना है।



### पितृ पक्ष के अवसर पर भव्य श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ आज से बामनवासिया परिवार द्वारा तैयारियों को दिया गया अंतिम रूप

संजय दाधीच, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। शहर मे पितृ पक्ष के पावन अवसर पर भव्य श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन आज से प्रारंभ होगा। इस संबंध मे जानकारी देते हुए आयोजक परिवार के संजय कुमार शर्मा श्योपुरा ने बताया की पुराने पोस्ट आफिस के पास बामनवासिया परिवार द्वारा बुधवार 10 सितंबर से मंगलवार 16 सितंबर तक आयोजित होने वाली ज्ञान भक्ति कर्म की पवित्र गंगा संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन को लेकर मंगलवार को तैयारियों को अंतिम रूप प्रदान किया गया। कथा का शुभारम्भ बुधवार को कलश शोभा यात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा बुधवार 10 सितंबर को शहर के मुख्य बाजार स्थित श्री कल्याण प्रभु मंदिर से पूजन के बाद गाजे बाजे के साथ कथा स्थल के लिए रवाना होगी। व्यास पीठ से कथा का वाचन दो राष्ट्रीय पुरस्कारों से विभुषित वाणी भूषण पंडित प्रभुशरण तिवाड़ी द्वारा किया जायेगा। कथा के मुख्य यजमान कलावती देवी एवं रामअवतार शर्मा रहेंगे। आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक का भी आयोजन हुआ जिसमें अशोक शर्मा ,प्रमोद शर्मा, अनिल शर्मा, विनोद शर्मा ,सुशील शर्मा ,बिंदु देवी सहित अन्य मौजूद रहे। कथा का समय दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक का रहेगा।

ये रहेगा कथा कार्यक्रम : कथा का शुभारम्भ कलश यात्रा के साथ होगा। कथा के प्रथम दिवस भागवत महात्यम, 11 सितम्बर को महाभारत प्रसंग, सुखदेव आगमन व कपिल देवहूति संवाद, 12 सितंबर को अजामिल कथा, भरत चरित्र व भक्त प्रहलाद की कथा का वर्णन होगा। 13 सितम्बर को समुद्र मंथन, बाली वामन संवाद व श्री कृष्ण जन्मोत्सव कथा का वर्णन होगा। 14 सितम्बर को भगवान कृष्ण की बाल लीला, माखन चोरी व गोवर्धन धारण करने की लीला का वर्णन होगा। 15 सितम्बर को महारास, कंश उद्धार व रूक्मणी विवाह कथा 16 सितंबर को सुदामा चरित्र व परीक्षित मोक्ष की कथा के साथ कथा सम्पन्न होगी। 17 सितम्बर को हवन का आयोजन होगा।

**चिड़ावा में सजेगा श्याम दरबार**

### भजन सम्राट कन्हैया मित्तल देंगे चिड़ावा में 24 सितंबर को प्रस्तुति



शिवानंद, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। चिड़ावा में आगामी 24 सितंबर को एक भव्य 'श्री श्याम दरबार' का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक श्री कन्हैया मित्तल जी अपनी प्रस्तुति देंगे। चिड़ावा के युवा नेता सुरेश भूकर ने चंडीगढ़ में भजन सम्राट कन्हैया मित्तल से मुलाकात कर उन्हें इस भव्य आयोजन का निमंत्रण दिया।

जोरों पर हैं तैयारियां : कार्यक्रम के आयोजक सुरेश भूकर ने बताया कि विजयलक्ष्मी प्रोडक्शन के सहयोग से ये भव्य आयोजन होना है। उन्होंने बताया कि चिड़ावा के कृष्णा ग्रेटर मैरिज गार्डन में होने वाले इस कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। उन्होंने बताया कि जल्द ही इस आयोजन के लिए चिड़ावा के श्री श्याम मंदिर में एक पोस्टर का भी विमोचन किया जाएगा।

श्री कन्हैया मित्तल से इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान रमेश स्वामी, विकास चाहर और दीपक नेहरा भी मौजूद रहे।

# पीसीपी स्कूल के निखिल ने जीता गोल्ड



चिड़ावा। शहर के मंड्रेला बाइपास स्थित परमहंस (पीसीपी) स्कूल के खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया है। स्कूल के निखिल कुमार ने 69वीं जिलास्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में अंडर-14 आयु वर्ग के 48 किलो भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीता। इस जीत के साथ ही उनका चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भी हो गया है। इसके अलावा, राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता में भी स्कूल के खिलाड़ियों ने मेडल जीते। छात्र विकास और छात्रा अक्षि ने गोल्ड मेडल, तेजस ने सिल्वर मेडल और आदित्य ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर संस्था निदेशक विक्रम जांगिड़ की देखरेख में सभी का स्वागत और सम्मान किया गया। इस मौके पर स्कूल के एकेडमिक हेड राकेश पालावत सहित अन्य शिक्षक और स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

# सिविल सेवाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए विप्र फाउंडेशन की पहल, चिड़ावा में हुई बैठक

कमलकांत पुजारी, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। सिविल सेवाओं में करियर बनाने की इच्छा रखने वाले युवाओं को मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से विप्र फाउंडेशन, जयपुर द्वारा 14 सितंबर 2025 को एक सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। इसी संबंध में चिड़ावा में पृथ्वीराज शर्मा के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसका उद्देश्य विप्र समाज के युवाओं तक इस सुनहरे अवसर की जानकारी पहुंचाना और अधिक से अधिक युवाओं को इसका लाभ दिलाना था। इस बैठक में बताया गया कि 12वीं पास वे सभी विद्यार्थी, जो सिविल सेवाओं की तैयारी कर रहे हैं या इसमें प्रवेश लेना चाहते हैं, वे इस सेमिनार में भाग ले सकते हैं। सेमिनार में भाग लेने के लिए फॉर्म भरना आवश्यक है, जिसकी लिंक तहसील अध्यक्ष पृथ्वीराज शर्मा (9460843447) या उपाध्यक्ष विजय कुमार शर्मा (7728962151) से प्राप्त की जा सकती है। आयोजकों ने बताया कि सीटें सीमित हैं, इसलिए इच्छुक विद्यार्थी जल्द से जल्द फॉर्म भरें। फॉर्म भरने के बाद दोनों में से किसी एक व्यक्ति को सूचित करना अनिवार्य है। कोचिंग श्री परशुराम ज्ञानपीठ सेंटर फॉर एक्सीलेंस एंड रिसर्च भवन में करवाई जाएगी। पृथ्वीराज शर्मा ने समाज के सभी युवाओं से इस अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया। इस पहल को समाज के युवाओं में शिक्षा और करियर के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।







अफगानिस्तान के बल्लेबाजों के बाद गेंदबाजों ने भी बेहतरीन प्रदर्शन कर एशिया कप में टीम को पहली जीत दिलाई

# अफगनिस्तान की जीत भरी हुंकार हांगकांग को 94 रनों से रौंदा

एजेंसी. दुबई। अफगानिस्तान ने एशिया कप 2025 के ग्रुप बी के पहले मुकाबले में हांगकांग पर 94 रनों की शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। ये जीत इस टूर्नामेंट के टी20 संस्करण में तीसरी सबसे बड़ी जीत थी। मैच में दोनों टीमों की क्षेत्ररक्षण की कमी भी देखने को मिली क्योंकि पूरे मैच के दौरान आठ कैच टपकाए गए, जो 2020 के बाद से पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा हैं। 189 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, हांगकांग की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 94 रन ही बना सकी। बाबर हयात एकमात्र बल्लेबाज थे जिन्होंने कुछ प्रतिरोध दिखाया और गुलबदीन नैब की गेंद पर आउट होने से पहले तीन चौकों सहित 39 रन बनाए। अफगानिस्तान की ओर से फजलहक फारूका और गुलबदीन नैब ने दो-दो विकेट लिए, जबकि कप्तान राशिद खान, नूर अहमद और अजमतुल्लाह उमरजई ने एक-एक विकेट लिया। इससे पहले, सेदिकुल्लाह अटल और अजमतुल्लाह उमरजई के अर्धशतकों की बदौलत अफगानिस्तान ने 20 ओवर में 188/6 का स्कोर बनाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए, अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज सेदिकुल्लाह अटल ने मैच की पहली गेंद पर चौका लगाकर टीम के अभियान की शुरुआत की। अटल ने 41 गेंदों में अपना अनुशासित और योग्य अर्धशतक पूरा किया और 15 ओवर के बाद अफगानिस्तान का स्कोर 110/4 हो गया। डेथ ओवरों में, अटल और अजमतुल्लाह ने रन गति को आसमान पर पहुंचा दिया और स्कोर को 150 के पार पहुंचाया।

# सिमरनजीत सिंह को कोविड ने बना दिया यूएई का क्रिकेटर

एजेंसी. दुबई। समय समय की बात है, 2011 में एक साथ एक स्थान पर अभ्यास करने वाले दो खिलाड़ी आज दो अलग अलग देशों के लिए क्रिकेट मैच खेल रहे हैं।उनमें से एक आज भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान और टी20 टीम का उपकप्तान है तो दूसरा यूएई क्रिकेट टीम का प्रमुख स्पिनर है। ये दोनों खिलाड़ी 15 साल बाद एक बार फिर आमने सामने होने वाले है। हम बात टीम इंडिया के उभरते हुए युवा बल्लेबाज शुभमन गिल और यूएई क्रिकेट टीम के प्रमुख स्पिनर सिमरनजीत सिंह की कर रहे हैं।

**सपना तो पूरा हुआ :** जब एशिया कप 2025 में 10 सितंबर को भारत और यूएई आमने सामने होंगे तो ये मैच सिमरनजीत सिंह के लिए किसी सपने से कम नहीं होगा। इस यादगार मैच से पहले सिमरनजीत ने शुभमन गिल के साथ प्रैक्टिस और अपने यूएई क्रिकेटर बनने के सफर को याद किया है। सिमरनजीत ने कहा, 'मैं शुभमन को बचपन से जानता हूं, लेकिन मुझे नहीं पता कि वो मुझे जानते है कि नहीं. 2011-12 की बात है, जब उस समय उसकी उम्र 11 या 12 साल रही होगी। हम सुबह 6 बजे से 11 बजे तक पीसीए अकादमी में प्रैक्टिस करते थे और शुभमन अपने पिता के साथ लगभग 11 बजे अभ्यास के लिए आते थे। मैं अक्सर अतिरिक्त गेंदबाजी के लिए रुक जाता था, और तब मैं उसे भी खूब गेंदबाजी करता था।'बता दें कि सिमरनजीत धीमे बाएं हाथ के ऑर्थोडॉक्स स्पिनर हैं जो एक दशक से भी ज्यादा समय पहले मोहाली में पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) में प्रशिक्षण लेते थे। इसी दौरान उनकी मुलाकात युवा शुभमन गिल से भी हुई थी।

**रणजी ट्रॉफी के लिए भी चुना गया :** पंजाब के जिला क्रिकेट में नियमित रूप से खेलने वाले, सिमरनजीत ने 2017 में रणजी ट्रॉफी के संभावित खिलाड़ियों में जगह बनाई और जब भी किंग्स इलेवन पंजाब की टीम मोहाली में अभ्यास सत्र आयोजित करती थी, मैं टीम के नेट्स में काफी गेंदबाजी भी करता था. लेकिन उन्हें आईपीएल खेलने का कभी कोई मौका नहीं मिला. उसके बाद से जिंदगी सिमरनजीत को एक अप्रत्याशित सफर पर ले गई. फिर कोविड-19 महामारी ने उनकी राह और क्रिकेट करियर बदल दी.

**कोविड ने यूएई का क्रिकेटर बनाया :** उसके बाद अप्रैल 2021 में लगभग 20 दिनों के अभ्यास के लिए सिमनरजीत दुबई चले गए। फिर कोविड की दूसरी लहर के कारण लगे लॉकडाउन की वजह से वो भारत नहीं आ सके, और उन्हें महीनों तक वहीं रहना पड़ा। घरबार चलाने के लिए सिमरनजीत ने वहीं क्लब क्रिकेट खेलना शुर कर दिया और जूनियर खिलाड़ियों को कोचिंग भी देने लगे। जिससे कुछ पैसों का इंतजाम भी हो गया। उसके बाद उन्होंने यूएई के लिए क्वालीफाई करने के लिए तीन सीजन यानी तीन साल तक घरेलू क्रिकेट खेलने की आवश्यकता पूरी की और फिर यूएई की राष्ट्रीय टीम के कोच लालचंद राजपूत से संपर्क किया। जिसके बाद सिमरनजीत की यूएई क्रिकेट टीम में एंट्री का दरवाजा खुल गया।

**क्रिकेट करियर :** सिमरनजीत ने अब तक कुल 5 वनडे और 12 टी20 इंटरनेशनल मैच में यूएई का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं. जिसमें उन्होंने वनडे में 19.90 की औसत से 10 विकेट और टी20 में 14 की औसत से 15 विकेट लिए हैं.